# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 अगस्त 2025** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ में नौ सौ अट्ठावन करोड़ रूपये की एक सौ छियासी विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है उनके माध्यम से हम सब को नये भारत के नये अलीगढ़ का दर्शन होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत अलीगढ़ के ताला उद्योग और हार्डवेयर से जुड़े सभी समूहों को आगे बढ़ाने का कार्य किया। इससे नौजवानों के लिये रोजगार के नये अवसर उपलब्ध हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वयं सहायता समूहों को चेक और मेधावी विद्यार्थियों को टैबलेट प्रदान किये। कार्यक्रम में लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना की चाबी और आयुष्मान कार्ड भी दिया गया।

**********

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए के संसदीय दल की आज नई दिल्ली में हुई बैठक में पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव की सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना भी की गई। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजीजू ने बताया कि बैठक में ऑपरेशन के दौरान सशस्त्र बलों की भूमिका की भी सराहना की गई।

***इंडिया पार्लियामेंट्री पार्टी मीटिंग में एक रेजुलेशन पास हुआ। ऑपरेशन सिंदूर का सक्सेसफुल हमारा मिलेट्री एक्शन के बाद फिर ऑपरेशन महादेव का जो सक्सेस है। भारत के सेना को आर्म फोर्सेस को हमने अभिनंदन किया और सराहना करते हुए देश की ओर से हम हमेशा सेना के साथ खड़ा रहेंगे।***

बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और एनडीए के अन्य सांसद भी मौजूद रहे।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नवनिर्मित कर्तव्य भवन का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री एक सार्वजनिक कार्यक्रम को भी संबोधित करेंगे। कर्तव्य भवन के निर्माण का उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों और विभागों को साथ लाकर दक्षता, नवाचार और सहयोग को बढावा देना है।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आज बस्ती जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आंगनबाड़ी केंद्रों पर सुविधाएं बढ़ाने पर विशेष जोर दिया। राज्यपाल ने बंजरिया फार्म हाउस पर आयोजित प्रगतिशील किसानों के एक कार्यक्रम को भी सम्बोधित किया। इसी क्रम में उन्होंने कप्तानगंज में ट्रांसजेंडर पाठशाला का उद्घाटन किया। इससे पहले, कल राज्यपाल ने अयोध्या में भी विविध कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने अयोध्या धाम के पंद्रह वार्डों के सत्तर आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया।

**********

प्रदेश के लगभग सभी पूर्वी जिलों में मानसून पूरी तरह सक्रिय है। आसमान में घने बादल छाये हुए हैं और रूक–रूक कर वर्षा का सिलसिला जारी है। वर्षा के चलते हुए जल–जमाव से जन–जीवन प्रभावित हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा की वायुमण्डलीय परिस्थितियां अभी बनी हुयी है, इसलिये अगले तीन दिन तक अधिकांश पूर्वी जिलों में हल्की से मध्यम वर्षा का क्रम बना रहेगा। कुछ जिलों में लगातार हो रही वर्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने अगले एक से दो दिन तक स्कूलों को बन्द रखने का निर्णय लिया है। उधर, अनवरत वर्षा और बैराजों से पानी छोड़े जाने के चलते प्रदेश की कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया है और कई स्थानों पर बाढ़ की स्थिति बन गयी है। एक रिपोर्ट–

***कानपुर बैराज से कल पानी छोड़े जाने के कारण वाराणसी, बलिया, चन्दौली, मिर्जापुर और गाजीपुर में गंगा नदी खतरे के निशान के ऊपर बह रही है। वाराणसी में आज गंगा का जलस्तर कुछ घंटे ठहरने के बाद एक बार फिर बढ़ने लगा है। इसके चलते जिले के सभी चौरासी घाट जलमग्न हो गये हैं। कई इलाकों में गंगा और वरूणा का पानी सड़कों पर पहुंच गया है। प्रयागराज में भी गंगा और यमुना का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। जौनपुर में गोमती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। बाढ़ प्रभावित सभी क्षेत्रों में नावों और मोरटबोट से लोगों तक राहत सामग्री पहुंचायी जा रही है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी की टीमें लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में जुटी हुयी हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने आज अयोध्या में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्कूलों के जर्जर भवनों को चिन्हित कर उनकी यथाशीघ्र मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए और इस बात का ध्यान रखा जाए कि केंद्रों पर किसी को कोई दिक्कत न हो।

**********